कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं. 1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद - 009
OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS
No.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD-500009
दूरभाष/TELE: 040-27843385 फैक्स/FAX:040-27817275

सं. हि0क0/2181/रा0भा0/बैठक दिनांक : 02.01.2023

विषय : 12/2022 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त ।

*******

इस कार्यालय की 12/2022 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन दिनांक 23.12.2022 को दोपहर 3.00 बजे सम्मेलन कक्ष में किया गया। बैठक की अध्यक्षता श्री श्रीनिवास राज बेथम, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने की ।

बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों तथा सदस्यों ने भाग लिया ।

| क्र. सं. | अधिकारी/सदस्य का नाम | पदनाम | बैठक में पद |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री श्रीनिवास राज बेथम, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा नियंत्रक | अध्यक्ष |
| 2. | श्रीमती एस. वत्सला, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्री एम. सुभाष कुमार, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक | सदस्य |
| 4. | श्रीमती बी.लक्ष्मी मुरलीकृष्णा | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 5. | श्रीमती बी.के.राधा | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 6. | श्री एम.वी.सुब्रहमण्यम | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 7. | श्री एम. शैलेंदर कुमार | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 8. | श्रीमती जे. माधवी | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 9. | श्रीमती जी. अनुराधा | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 10. | श्री श्रीनिवास मंडा | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 11. | श्री सुनील कुमार रेटूरी | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 12. | श्री पी. श्रीनिवास मूर्ति | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 13. | श्री टी. श्रीनिवास राव | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 14. | सुश्री फिरदौस आसिया शेख | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 15. | श्री श्रीनिवास राव वुलिचि | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 16. | श्री के. रामकृष्णा | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 17. | श्री के. गोपीचंद | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 18. | श्री पी. राम किशोर | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 19. | श्रीमती देवकी सुब्रमणियम् | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | सदस्य सचिव |

सर्वप्रथम समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया और समिति के नए सदस्य श्री एम. सुभाष कुमार, भा.र.ले.से., सहायक नियंत्रक का परिचय दिया गया। तदुपरांत अध्यक्ष महोदय की अनुमति के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

मद सं. 1 - **दिनांक 20.09.2022 को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि तथा पिछली बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा :**

सभी अधिकारियों एवं सदस्यों ने दिनांक 20.09.2022 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि सर्वसम्मति से कर दी ।

इस कार्यालय में दिनांक 20.09.2022 को आयोजित रा.भा.का.स. की बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा मदवार निम्नानुसार है :-

1. **हिंदी कार्यशाला का आयोजन :** समिति को सूचित किया गया कि दिनांक 29 नवंबर, 2022 को वे.ले.का. (अ.श्रे) सेना आयुध कोर, सिकंदराबाद में एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 40 अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया।

2. **निरीक्षण:** वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार 25% अधीनस्थ कार्यालयों और 25% अनुभागों का निरीक्षण किया जाना अपेक्षित है। इसी क्रम में वर्ष 2022-2023 के दौरान र.ले.नि. महोदय द्वारा अनुमोदित निरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार सभी नौ उप-कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण पूरा कर लिया गया है और निरीक्षण रिपोर्टें संबंधित कार्यालयों और मुख्यालय कार्यालय को भेज दी गई हैं । 25% स्थानीय अनुभागों का राजभाषा निरीक्षण जनवरी, 2023 में पूरा कर लिया जाएगा ।

3. **हिंदी शिक्षण योजना के अधीन प्रशिक्षण** - नियंत्रक महोदय द्वारा अनुमोदन के उपरांत हिंदी शिक्षण योजना के अधीन हिंदी पारंगत प्रशिक्षण के लिए 35 अधिकारियों/कर्मचारियों को नामित किया गया है जिनकी अंतिम परीक्षा नवंबर, 2022 में आयोजित की गई। अभी इस परीक्षा के परिणाम प्रतीक्षित हैं । साथ ही इस संगठन के दस कर्मचारियों को हिंदी टंकण के ऑन-लाइन पाठ्यक्रम में नामित किया गया है जिनकी अंतिम परीक्षा जनवरी, 2023 में आयोजित की जाएगी।

4. **ई-ऑफिस में द्विभाषी प्रपत्रों का प्रयोग** - पिछली बैठक में यह सुझाव दिया गया था कि सभी अनुभाग ई-ऑफिस में उनके अनुभाग में पहले से उपलब्ध द्विभाषी प्रपत्रों का प्रयोग करें क्योंकि ई-ऑफिस में MS Word से कॉपी करके पेस्ट करने की सुविधा है । सदस्यों द्वारा सूचित किया गया कि प्रशासन, प्रशा/वेतन, सिविल-वेतन, एन.पी.एस. आदि अनुभागों में ई-ऑफिस में द्विभाषी प्रपत्रों का प्रयोग किया जा रहा है । सदस्यों ने बताया कि अभी ई-ऑफिस में डिजिटल हस्ताक्षर और ई-मेल से भेजने की सुविधा को सक्रिय नहीं किया गया है। इसलिए ई-ऑफिस में जेनेरेट होने वाले पत्रों का प्रिंट-आउट लेकर, उनपर हस्ताक्षर करने के बाद, स्कॅन करके ई-मेल किया जा रहा है।

**मद सं. 2** - पिछली दो तिमाहियों **06/2022** तथा **09/2022** की हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्टों की तुलनात्मक समीक्षा :

मुख्य कार्यालय की पिछली दो तिमाहियों 06/2022 तथा 09/2022 की तिमाही प्रगति रिपोर्टों के आंकडों की तुलनात्मक समीक्षा निम्नानुसार है :-

(1) धारा 3(3) के अधीन जारी किये गये कार्यालय आदेश भाग 1, कार्यालय आदेश भाग 2, परिपत्र आदि :

| तिमाही का नाम | कुल जारी | द्विभाषी | अंग्रेज़ी |
|---|---|---|---|
| 06/2022 | 171 | 171 | शून्य |
| 09/2022 | 171 | 171 | शून्य |

(2) हिंदी पत्राचार की स्थिति :

| तिमाही का नाम | हिंदी पत्रों की संख्या | अंग्रेज़ी पत्रों की संख्या | हिंदी पत्रों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 06/2022 | 10218 | 1563 | 86.73% |
| 09/2022 | 12897 | 1986 | 86.65% |

**मद सं. 3 - रक्षा लेखा महानियंत्रक, नई दिल्ली के कार्यालय से प्राप्त महत्वपूर्ण पत्रों / परिपत्रों पर कार्रवाई की समीक्षा** - समिति को अवगत कराया गया कि दिसंबर, 2022 को समाप्त तिमाही में रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय से केवल तीन पत्र प्राप्त हुए हैं जिनमें से एक पत्र में हमारे कार्यालय के सितंबर, 2022 के हिंदी तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई । एक पत्र के अधीन मुख्यालय कार्यालय में 09/2022 की तिमाही में आयोजित रा.भा.का.स. की बैठक का कार्यवृत्त प्राप्त हुआ है । इस कार्यवृत्त में निदेश दिया गया है कि संगठन और पद्धति निरीक्षण के दौरान भी राजभाषा संबंधी मदों का निरीक्षण किया जाना अपेक्षित है । सं. एवं प. कक्ष की वरिष्ठ लेखा अधिकारी श्रीमती बी. लक्ष्मी मुरलीकृष्णा ने कहा कि राजभाषा संबंधी जिन मदों की जाँच किया जाना अपेक्षित है उसकी एक प्रश्नावली बनाकर उन्हें दे दिया जाए ताकि सं. एवं प. निरीक्षण करने वाले अधिकारी को तदनुसार निदेश दिये जा सकें । सदस्य सचिव ने इसे नोट किया । समिति को सूचित किया गया कि मुख्यालय कार्यालय द्वारा प्रेषित कार्यवृत्त में यह भी निदेश दिया गया है कि ई-ऑफिस में हिंदी का प्रयोग किया जाए ।

मुख्यालय कार्यालय से प्राप्त एक अन्य पत्र में अनुवाद टूल कंठस्थ 2.0 का अधिक से अधिक प्रयोग करने का निदेश दिया गया है । समिति को सूचित किया गया कि राजभाषा अनुभाग द्वारा इस पर कार्रवाई की गई है ।

**मद सं. 4 - वार्षिक कार्यक्रम पर चर्चा -** समिति को सूचित किया गया कि इस संगठन द्वारा वार्षिक कार्यक्रम के सभी लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया गया है । हिंदी प्रशिक्षण के लिए भविष्य में केवल हिंदी पारंगत प्रशिक्षण ही शेष रहने की संभावना है जिसे जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा ।

समिति को सूचित किया गया कि वर्तमान में निम्नांकित मदों पर संगठन द्वारा लक्ष्य-प्राप्ति की स्थिति निम्नानुसार है :

| क्रम सं. | विवरण | निर्धारित लक्ष्य | प्राप्त लक्ष्य |
|---|---|---|---|
| 1. | हिंदी पत्राचार | 55% | 77.98% |
| 2. | हिंदी में टिप्पण | 30% | 67.38% |
| 3. | हिंदी प्रशिक्षण | 100% | 100% |

**मद सं. 5 - संगठन में हिंदी संवर्ग की समीक्षा :**

इस संगठन में हिंदी संवर्ग की स्थिति निम्नानुसार है :

| क्रम सं. | पद | प्राधिकृत | तैनात | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक निदेशक (रा.भा) | 02 | शून्य | 02 |
| 2. | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 02 | 01 | 01 |
| 3. | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 01 | 01 | शून्य |
| 4. | हिंदी टंकक | 02 | शून्य | 02 |

**मद सं. 6 - अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अधिकारियों/सदस्यों की ओर से अन्य कोई सुझाव :**

1. श्रीमती बी. लक्ष्मी मुरलीकृष्णा, वरिष्ठ लेखा अधिकारी ने कहा कि बहुत सारे कर्मचारी पारंगत की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं और हिंदी में काम करने के लिए उनकी सेवाओं का उपयोग किया जाना चाहिए । अत: उनकी सूची आई.टी. हेल्प-लाइन में अपलोड की जाए ।

2. श्रीमती एस. वत्सला, सहायक नियंत्रक ने कहा कि आई.टी. अनुभाग के लेखा अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी परिपत्र को वेबसाइट में अपलोड करने से पहले उनके पास हिंदी अनुवाद की प्रति उपलब्ध हो जिसे साथ ही साथ हिंदी वेबसाइट में अपलोड किया जा सके ।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन हुआ ।

रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने देख लिया है ।

हस्ता/-

(एस. वत्सला)

**रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक (प्रशा)**

सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित :-

1. सहायक निदेशक (राजभाषा), कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक, पालम, दिल्ली छावनी।
2. सहायक निदेशक (राजभाषा), राजभाषा अनुभाग, रक्षा मंत्रालय (वित्त प्रभाग), नई दिल्ली ।
3. सचिव,नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का-3), एन.जी.आर.आई., उप्पल रोड, हैदराबाद ।
4. क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, कोरमंगला, बेंगलूर ।
5. सभी अधिकारी / सदस्य (उनके नाम से)
6. सभी प्रभारी अधिकारी, सभी अधीनस्थ कार्यालय (मानक सूची के अनुसार)/ सभी अनुभाग (स्थानीय)

**लेखा अधिकारी (प्रशा)**